# अदाणी–केयान ग्रुप के मेगा प्रोजेक्ट का होगा शिलान्यास

- गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण स्थापना दिवस समारोह की तैयारी में जुटा
- फ्लैटेड फैक्ट्री का भी हो सकता है लोकार्पण, आवंटियों को आवंटन पत्र देने की भी तैयारी

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) प्रशासन 30 नवंबर को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम में कई बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराने की तैयारी में जुट गया है। इस मौके पर धुरियापार में अदाणी समूह की सीमेंट फैक्ट्री और गीडा में 20 एकड़ में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा गीडा में कई करोड़ रुपये के अन्य प्रोजेक्टों का भी लोकार्पण और शिलान्यास होने की उम्मीद है, जो पूर्वांचल के औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना है।

गोरखपुर के विकास को गति देने के लिए चेंबर आफ इंडस्ट्रीज द्वारा लंबे समय से दिल्ली के प्रगति मैदान की तर्ज पर एक कन्वेंशन सेंटर की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इस कन्वेंशन सेंटर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) लगभग तैयार हो चुकी है। 20 एकड़ में बनने वाले इस विशाल कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास 30 नवंबर को गीडा दिवस पर प्रस्तावित है, जिससे भविष्य में बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनियों और आयोजनों का मार्ग प्रशस्त होगा।

> गीडा दिवस की तैयारी शुरू कर दी गई है। स्थापना दिवस पर फ्लैटेड फैक्ट्री का लोकार्पण होने की संभावना है। इसके अलावा कुछ यूनिटों का भूमि पूजन और शिलान्यास भी होना प्रस्तावित है। आवासीय और औद्योगिक भूखंडों का आवंटन की भी तैयारी की जा रही है।
>
> राम प्रकाश, एसीईओ गीडा



हाल ही में गीडा प्रशासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में दो बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन का आवंटन किया है।

अदाणी समूह की अंबुजा सीमेंट इकाई के लिए 50 एकड़, जबकि केयान ग्रुप को 65 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। अदाणी समूह ने शिलान्यास के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। माना जा रहा है कि गीडा दिवस पर मुख्यमंत्री के हाथों इन मेगा प्रोजेक्टों की नींव रखी जाएगी।

इसके अलावा, केयान ग्रुप अपने वेंचर श्रेयश डिस्टिलरी एंड एनर्जी लिमिटेड के लिए 60 एकड़ और मातृ कंपनी केयान डिस्टिलरी के लिए पांच एकड़ जमीन प्राप्त कर चुकी है। कंपनी को अभी करीब 100 एकड़ जमीन का और आवंटन होना है। करीब 170 एकड़ में स्थापित होने वाली इस फैक्ट्री का भूमि पूजन भी नवंबर महीने में हो सकता है।

गीडा के इंडस्ट्रियल सेक्टर्स और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को मिलाकर कुल 184 एकड़ औद्योगिक भूमि का आवंटन हुआ है। इसमें कोका-कोला की अमृत बाटलर्स को सेक्टर 27 में मिली 45 एकड़ भूमि भी शामिल है, जिसका भूमि पूजन सितंबर 2025 में किया गया था। यह सभी प्रोजेक्ट गीडा के औद्योगिक विकास को गति देंगे और पूर्वांचल के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।